`

# भारत सरकार/Govt. of India

## स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय/Ministry of Health and Family Welfare

## डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली

## Dr. Ram Manohar Lohia Hospital, New Delhi

**Tel: 011 23365525/23404402**

फा.सं. 5-10/2015/स्टाफ नर्स (संविदा)/रामलोअ/एनएस/5075 दिनांक .............

**<u>6 महीने की अवधि के लिए संविदा आधार पर स्टाफ नर्स की भर्ती</u>**

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 6 महीने अथवा नियमित आधार पर पद भरे जाने की तारीख जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए संविदा आधार पर भर्ती हेतु भारत के पात्र उम्मीदवारों से विहित प्रोफार्मा एवं वेबसाइट www.mohfw.gov.in पर उपलब्ध निबंधन एवं शर्तों पर नीचे दिए गए विवरणानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पी जी आई एम ई आर एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में दिनांक 19-10-15 को प्रतः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक पंजीकरण खुला रहेगा। दिनांक 20/10/15 को प्रातः 10.30 बजे से साक्षात्कार शुरू होंगे उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर साक्षात्कार का समय बढ़ाया जा सकता है।

| क्र. सं. | पद का नाम, समेकित पारिश्रमिक एवं अनिवार्य पात्रता की शर्तें | सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | स्टाफ नर्स<br>(समेकित पारिश्रमिक 37,500/प्रतिमाह)<br>अनिवार्य – (I) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से नर्सिंग में बी एस सी ऑनर्स<br>अथवा<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बी एस सी नर्सिंग में नियमित पाठ्यक्रम<br>अथवा<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से पोस्ट बेसिक बीएससी (नर्सिंग)<br>(II) राज्य नर्सिंग परिषद में नर्स अथवा नर्स और मिडवाइफ (आर एन या आर एन और आर एम) के रूप में पंजीकृत<br>और<br>(III) उपर्युक्त अपेक्षित शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने के पश्चात कम से कम 50 बिस्तरों वाले अस्पताल में कार्य करने का 6 महीने का अनुभव<br>अथवा<br>III(i) मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा परिषद से सामान्य नर्सिंग और मिडवाइफरी में (आर एन एवं आर ए और आर एम) में डिप्लोमा<br>(ii) राज्य नर्सिंग परिषद में नर्स अथवा नर्स एवं मिडवाइफ के रूप में पंजीकृत<br>(iii) उपर्युक्त III(i) में वर्णित शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने के पश्चात कम से कम 50 बिस्तरों वाले अस्पताल में काम करने का ढाई वर्ष ( $2\frac{1}{2}$ वर्ष) का अनुभव | 30 वर्ष | **187**<br>(अना.-95, अनु.जा.-31, अनु. ज. जा.-13, अन्य.पि.वर्ग-48)<br>शारीरिक रूप से अक्षम उम्मीदवारों के प्रत्येक वर्ग के लिए सरकारी आदेशानुसार पद आरक्षित<br>एस – बैठने,<br>आर डब्ल्यु - पढ़ने एवं लिखने<br>डब्ल्यु – चलने<br>एस टी – खड़े होने<br>बी एन – झुकने<br>एम एफ - अंगुलियों के परिचालन, एसई – देखने,<br>ओ एल - एक पैर से अक्षम |

**<u>सामान्य शर्तें</u>**

रिक्तियों की संख्या परिवर्तनीय है। आरक्षण भारत सरकार की नीति के अनुसार होगा।

1. **आवेदन प्रक्रिया**:- डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली, में स्टाफ नर्स के पद पर संविदा आधार पर, 6 महीने अथवा रिक्त पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति की तारीख तक के लिए जो भी पहले हो, भारतीय नागरिकों से निर्धारित फार्म में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विज्ञापन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वैबसाइट www.mohf.gov.in पर उपलब्ध है।
2. **आवेदन शुल्क**:- आवेदन शुल्क सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 500/-रुपये एवं अनु. जा./अनु.जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए 200/-रुपये है। **विकलांग व्यक्तियों को आवेदन शुल्क जमा न करने की छूट होगी बशर्ते कि वे अपनी विकलांगता के दावे के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया** आवश्यक प्रमाण पत्र जमा करवाएँ, शुल्क का भुगतान वेतन एवं लेखा अधिकारी, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली के नामे देय डिमांड ड्राप्ट/बैंकर चैक/भारतीय डाक आदेश के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन शुल्क वापिस नहीं लौटाया जाएगा।
3. **पंजीकरण की तारीख** 19-10-2015 (प्रातः 9.30 बजे से अप. 12.00 बजे तक)
4. **अनिवार्य दस्तावेज**:- साक्षात्कार के समय सभी मूल प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। सभी अभ्यर्थी निम्नलिखित मूल प्रमाणपत्रों के साथ स्वतः सत्यापित फोटो प्रति का एक सैट अपने साथ आवश्यक रूप से लेकर आएं।
   (1) पूर्णतः भरा हुआ आवेदन
   (2) जन्मतिथि दर्शाने वाला प्रमाणपत्र
   (3) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से हाई-स्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र
   (4) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से नर्सिंग डिग्री/जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र
   (5) राज्य नर्सिंग परिषद में नर्स अथवा नर्स एवं मिडवाइफ (आर.एन. अथवा आर.एन एवं आर.एम.) के रूप में पंजीकृत
   (6) यदि अनु.जाति/अनु.जन जाति/अ.पि.व. श्रेणी के अंतर्गत आवेदन कर रहे हैं तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण-पत्र
   (7) यदि सेवारत हैं तो 'अनापत्ति प्रमाण पत्र'
   (8) अनुभव प्रमाण पत्र
5. अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो।
6. अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों एवं सरकारी कर्मचारियों को 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 3 वर्ष एवं शारीरिक रूप से अक्षम उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट देय होगी। आवेदन प्राप्त करने की उपर्युक्त तारीख ही अधिकतम आयु सीमा के निर्धारण हेतु मान्य होगी।
   (सरकारी कर्मचारी से आशय केन्द्र/राज्य सरकार के स्थाई (नियमित आधार पर कार्यरत) कर्मचारी से है)

7. किसी भी आरक्षित वर्ग जैसे अनुसूचित जाति/जनजाति/अ.पि.व वर्ग के अन्तर्गत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अभ्यर्थता पर तभी विचार किया जाएगा बशर्ते कि वह सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित विहित प्रोफार्मा में जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे, केन्द्र/राज्य सरकार के सेवारत कर्मचारियों को अपने कार्यालय के सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्य पिछड़ा वर्ग के उन्ही उम्मीदवारों को आरक्षित वर्ग का लाभ देय होगा बशर्ते कि वह नवोन्नत वर्ग में न आते हो उपजाति की जांच केन्द्र सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची से की जाएगी, यदि संबंधित उपजाति इस सूची के अन्तर्गत नहीं होगी तो उनकी अभ्यर्थता आवेदित आरक्षित वर्ग के अन्तर्गत नहीं मानी जाएगी और उनका आवेदन अनारक्षित वर्ग के अन्तर्गत माना जाएगा।

8. सेवारत कर्मचारियों को अपने कार्यालय से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।

9. किसी भी तरह के विवाद को अयोग्यता माना जाएगा।

10. उन्हें पारियों में कार्य करना होगा तथा अस्पताल में किसी भी स्थान पर उनकी तैनाती की जा सकती है।

11. उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह डॉ. रा.म.लो. अस्पताल के नियमित कर्मचारियों पर लागू आचरण एवं अनुशासन नियमों का पालन करेंगे। अभ्यर्थी किसी भी न्यायालय द्वारा दोषी न पाया गया हो।

12. यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी सूचना अथवा घोषणा गलत पाई जाती है या अभ्यर्थी ने जानबूझ कर अपनी नियुक्ति से संबंधित किसी वास्तविक सूचना को छुपाया हो तो उसे सेवा से निष्कासित किया जा सकता है एवं नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कोई ऐसी कार्रवाई की जा सकती है जिसे उचित समझें।

13. नियुक्ति छः महीने के लिए अथवा जब तक पद पर नियमित आधार पर नियुक्त व्यक्ति कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेता, इनमें से जो भी पहले हो के लिए की जाएगी। उम्मीदवार को इस पद पर नियमित नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं होगा। नियुक्ति एक महीने का नोटिस दे कर समाप्त की जा सकती है।

14. सभी विवाद दिल्ली उच्च न्यायालय के विचाराधीन होंगे।

**(चन्द्रशेखर)**

**उपनिदेशक प्रशासन**

**भारत सरकार**

**डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल**

**नई दिल्ली 110001**

**<u>स्टाफ नर्स (संविदा) के पद के लिए आवेदन पत्र</u>**

1. नाम (साफ अक्षरों में :
2. पिता का नाम :
3. जन्म तिथि :
4. स्थायी पता (साफ अक्षरों में) :
5. पत्राचार का पता (साफ अक्षरों में) :
   दूरभाष/मोबील सं. सहित
   ई-मेल :
6. राष्ट्रीयता :
7. शैक्षिक अर्हता

| उतीर्ण परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उतीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक | अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

8. अनुभव :
9. राज्य नर्सिंग परिषद् के नाम सहित पंजीकरण सं. ........................................................................
10. वर्ग अ.जा/अजजा/अपिव/अना./शावि ............................................................................................
    (आरक्षित वर्ग के लिए अपने दावे के समर्थन में जिला मजिस्ट्रेट से प्राप्त प्रमाण पत्र संलग्न करें। अपिव श्रेणी के मामले में प्रमाण पत्र केन्द्र सरकार की नौकरियों के लिए निर्धारित फार्मेट में होना चाहिए।)
11. शुल्क जमा करने का तरीका (डीडी/बैंकर चैक/आई पी ओ सं.) ...............................दिनांक .......................
    धनराशि..................... शाखा का नाम ..............................................................................................

**<u>घोषणा</u>**

मैं सत्य निष्ठा से घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा दिए गए उपर्युक्त विवरण मेरी पूर्ण जानकारी तथा विश्वास में सही है तथा मैं डॉ. रा.म.लो. अस्पताल के नियम एवं विनियमों का पालन करूंगा/करूंगी। मेरे द्वारा दी गई जानकारी गलत पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी स्वतः अस्वीकार कर दी जाएगी।

**दिनांक .................** **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**